दिन– सोमवार दिनांक– 08 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि : 15 मिनट

---

01. विधान परिषद की नौ सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि आज। राजद ने सुनील कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया।

02. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इक्कीस मई को होने वाली नीट–यूजी पुर्नपरीक्षा के लिए शहरों की सूची जारी की।

03. मौसम विभाग का पूर्वानुमान– सीतामढ़ी, मधुबनी, अररिया, किशनगंज समेत उत्तर बिहार में कई स्थानों पर आज हो सकती है बारिश। दक्षिण बिहार में मौसम रहेगा गर्म।

04. और, पटना के दिलीप कुमार तथा सीवान की सोनी कुमारी ने गुजरात के अहमदाबाद में संपन्न प्रथम योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते।

**समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

विधान परिषद की नौ सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए आज नामांकन की अंतिम तिथि है। अब तक किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया है। सभी उम्मीदवार आज अपना नामांकन करेंगे। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट——

विधान परिषद चुनाव के लिए एनडीए की ओर से नौ उम्मीदवारों की घोषणा की जा चुकी है। वहीं, महागठबंधन ने भी अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है। महागठबंधन की ओर से राजद के सुनील सिंह उम्मीदवार बनाए गये हैं। भाजपा ने इस चुनाव के लिए भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और गायक पवन सिंह, संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित को उम्मीदवार बनाया है। वही, जदयू ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। इधर, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास ने पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। सभी प्रत्याशी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। गौरतलब है कि विधान परिषद की नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव, जबकि एक सीट पर उपचुनाव हो रहा है। प्रत्याशी ग्यारह जून तक नामांकन वापस ले सकते हैं। आवश्यकता होने पर इन सीटों के लिए अठारह जून को मतदान होगा और इसी दिन शाम को मतगणना होगी। समाचार कक्ष से सविता पारीक।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इक्कीस मई को होने वाली नीट–यूजी दो हजार छब्बीस की पुनः परीक्षा के लिए शहरों की सूचना जारी कर दी है। हमारे संवाददाता के अनुसार, पंजीकृत उम्मीदवार अपने आवेदन संख्या और पासवर्ड का उपयोग करते हुए आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन करके आवंटित परीक्षा शहर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एक रिपोर्ट––

––रिपोर्ट––

————————————————————

प्रवासी श्रमिक कल्याण एवं कौशल विकास मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के काफिले पर मधुबनी जिले में असमाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। जिले के खजौली थाना क्षेत्र के ठाहर गांव में हुए इस हमले में श्री प्रसाद सुरक्षित बाहर निकल गये। घटना के बाद श्री प्रसाद ने कलुआही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि घटना में शामिल सभी आरोपितों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

––साउंड बाइट––

इधर, मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि ये घटना विपक्षी दल राजद के असामाजिक और उग्र कार्यकर्ताओं की सुनियोजित साजिश का परिणाम है।

————————————————————

पटना के कच्ची दरगाह और वैशाली जिले के बिदुपुर को जोड़ने वाले सिक्स लेन पुल पर अगले माह से यातायात शुरू कर दिया जाएगा। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग–एक सौ तीन पर बन रहे इस पुल की कुल लंबाई लगभग बीस किलोमीटर है। इसमें नौ दशमलव सात–छह किलोमीटर पुल और दस किलोमीटर पहुंच पथ का निर्माण किया गया है। सचिव ने बताया कि इस पूरी परियोजना पर चार हजार नौ सौ अट्ठासी करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। उन्होंने बताया कि पुल के आधे हिस्से पर यातायात पहले से जारी है।

————————————————————

राज्य से गुजरने वाली रेलगाड़ियों में लगे डिब्बों की अगले एक सप्ताह के अंदर जांच की जाएगी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि दिल्ली श्रीमाता वैष्णो देवी स्पेशल ट्रेन के एक स्लीपर कोच में कपलिंग टूटने की घटना के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत मुख्यालय, वर्कशॉप तथा मंडल के अधिकारी अत्यधिक खराब डिब्बों वाली रेलगाड़ियों की जांच कर उन्हें हटायेंगे। साथ

ही पीरियोडिक ओवर हॉलिंग करने वाले सभी वर्कशॉप का अगले एक माह में ऑडिट किया जाएगा।

————————————————————

राज्य के अस्सी वर्ष से अधिक उम्र वाले राशन कार्डधारी परिवारों को उनके घरों तक जनवितरण प्रणाली विक्रेता अनाज पहुंचायेंगे। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार पटना जिले के मसौढ़ी और वैशाली जिले के हाजीपुर में इस पहल को पायलट प्रोजक्ट के तौर पर शुरू किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार राशन विक्रेताओं को प्रोत्साहन राशि देगी।

————————————————————

देश का विश्वसनीय लोक प्रसारक आकाशवाणी आज अपने नब्बे वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है। वर्ष उन्नीस सौ छत्तीस को आज ही के दिन इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्ट सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया था। यह ऐतिहासिक दिन देश के सांस्कृतिक, सूचनात्मक और प्रसारण इतिहास में एक विशेष क्षण है। वर्ष उन्नीस सौ छप्पन में ऑल इंडिया रेडियो का नाम बदलकर आकाशवाणी कर दिया गया। आज आकाशवाणी पांच सौ इक्यानवे रेडियो स्टेशनों का संचालन करता है। आकाशवाणी का प्रसारण तेईस भाषाओं और एक सौ छियालीस बोलियों में किया जाता है। बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के आदर्शों पर खरा उतरते हुए, आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग देश के विभिन्न भूभागों में हर दिन सभी प्रमुख भाषाओं और बोलियों में समाचारों का प्रसारण करता है।

————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण बिहार में अगले दो दिनों तक गर्म और उमसभरा दिन रहने की संभावना है। वहीं, अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, अररिया और किशनगंज समेत उत्तर–मध्य तथा उत्तर–पूर्व बिहार के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

———साउंड बाइट———

मौसम विभाग के अनुसार ग्यारह जून से प्री–मानसून की गतिविधियों में तेजी आने का पूर्वानुमान है। इससे प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश होने से गर्मी से राहत मिल सकती है। वहीं, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर जिले का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारह वर्ष के दूरदर्शी नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांतों से प्रेरित होकर देश में कई परिवर्तन हुए हैं। इस दौरान मोदी सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आकाशवाणी समाचार की ओर से पिछले बारह वर्षों में सरकार के प्रयासों और पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों पर पेश है एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

——————————————————————

पटना के दिलीप कुमार और सीवान की सोनी कुमारी ने गुजरात के अहमदाबाद में संपन्न प्रथम योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते हैं। वहीं, मुजफ्फरपुर के सुधांशु शेखर ने रजत पदक प्राप्त किया है।

——————————————————————

पटना में खेली जा रही बिहार राज्य सब–जूनियर शतरंज प्रतियोगिता में पटना की ईशानी पाठक और मुजफ्फरपुर की नव्या गोयनका संयुक्त रूप से शीर्ष पर बनी हुई हैं।

——————————————————————

दसवीं दक्षिण एशिया आत्या–पात्या चैंपियनशिप में भारत की पुरूष और महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीते हैं। प्रतियोगिता के बाद भारतीय टीम के सदस्य पटना की वैष्णवी और अरवल के दिवाकर कुमार का पटना पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

——————————————————————

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन राव भागवत अपने तीन दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। इस दौरान वे मुंगेर में आयोजित बिहार–झारखंड के कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम में शामिल होंगे। इस कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम में बिहार और झारखंड के एक सौ सत्ताईस शिक्षार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

———————————————————————

अररिया जिले में होटलों और अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन की टीम ने होटल, लॉज, गेस्ट हाउस, अस्पताल, निजी नर्सिंग होम और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए जांच की।

———————————————————————

किशनगंज जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र में लोहागाड़ा इस्मत टोला में छापेमारी कर पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————

दानापुर रेलवे सुरक्षा बल ने पटना के मीठापुर रेल लाईन के किनारे अतिक्रमण करने के मामले में छब्बीस लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना जिले के फुलवारी थाना क्षेत्र की पुलिस ने खगौल लख से दस हजार के जाली नोट के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की विशेष खबर है – यातायात पुलिस में पैंतीस पार उम्र के सिपाही तैनात नहीं होंगे। **दैनिक जागरण** ने नीट पेपर लीक मामले पर शीर्षक दिया है – संसदीय समिति ने एनटीए से पूछा, उसकी परिभाषा में किसे माना जाये पेपर लीक।

**दैनिक भास्कर** की खास खबर है – बिहार में नीली क्रांति का महाअभियान, बेकार पड़ी चौर की जमीन को तालाब बनाकर संवारेगी सरकार। **प्रभात खबर** लिखता है – स्कूलों और कॉलेजों में बिना हेलमेट वाले वाहनों की होगी नो एंट्री। जल्द ही शिक्षा विभाग जारी करेगा आदेश।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधान परिषद की नौ सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि आज। राजद ने सुनील कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया।

02. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इक्कीस मई को होने वाली नीट–यूजी पुर्नपरीक्षा के लिए शहरों की सूची जारी की।

03. मौसम विभाग का पूर्वानुमान– सीतामढ़ी, मधुबनी, अररिया, किशनगंज समेत उत्तर बिहार में कई स्थानों पर आज हो सकती है बारिश। दक्षिण बिहार में मौसम रहेगा गर्म।

04. और, पटना के दिलीप कुमार तथा सीवान की सोनी कुमारी ने गुजरात के अहमदाबाद में संपन्न प्रथम योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।